# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–23 अक्टूबर 2024 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज एक प्रमुख समाचार पत्र द्वारा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में कहा है कि प्रदेश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) मार्च 2025 तक 32 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगी। पूर्ववर्ती सरकारों के समय राज्य की जीडीपी 12 लाख करोड़ रुपये थी, लेकिन उनकी सरकार के प्रयासों से 2023–24 में यह आंकड़ा 26 लाख करोड़ तक पहुंच चुका है और अब 32 लाख करोड़ का लक्ष्य तय किया गया है।

श्री योगी ने कहा कि सरकार ने अपराधियों और माफिया को कतई बर्दाशत नहीं किया है। राज्य में एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स का गठन किया गया है, जिसके तहत 64 हजार एकड़ भूमि माफियाओं से मुक्त कराई गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की चर्चा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अब देश का सबसे अधिक एक्सप्रेसवे वाला राज्य बन गया है।

**********

केन्द्र सरकार ने आज भारत ब्रैंड चना दाल की बिक्री का दूसरा चरण आरंभ किया। भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता परिसंघ लिमिटेड– एनसीसीएफ और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन परिसंघ– नेफेड के माध्यम से यह बिक्री की जा रही है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि भारत चना दाल केन्द्रीय भण्डार, मोबाइल वैन, नेफेड और ई–कॉमर्स माध्यम से 70 रूपये प्रतिकिलो की दर से उपलब्ध होगा। इसके अलावा चना 58 रूपये प्रतिकिलो, भारत मूंग दाल 107 रूपये प्रतिकिलो और मसूर दाल नवासी रूपये प्रतिकिलो मिलेगा।

**********

प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशियों द्वारा नामांकन का सिलसिला जारी है। नामांकन की कड़ी में फूलपुर विधानसभा के उप चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार मुजतबा सिद्दीकी ने आज अपना नामांकन जिला कचहरी में दाखिल किया। उधर, मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के अंतर्गत आज बसपा प्रत्याशी डॉ अवनीश कुमार शाक्य ने अपना नामांकन दाखिल किया। करहल विधानसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी ने तेजप्रताप यादव को अपना प्रत्याशी बनाया है। बीजेपी ने अपना प्रत्याशी अभी किसी भी विधानसभा के लिए घोषित नहीं किया है।

**********

लोकसभा चुनाव 2014 के दौरान प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार और बीजेपी नेता नरेंद्र मोदी पर बोटी बोटी वाला बयान देने के मामले में सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद के खिलाफ सहारनपुर की एमपी–एमएलए कोर्ट ने चार्ज फ्रेम किया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता एडीजीसी गुलाब सिंह ने बताया कि 27 मार्च 2014 को लबकरी गांव की एक जनसभा में इमरान मसूद ने तत्कालीन मौजूदा प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी की थी। जिसके बाद इमरान मसूद के खिलाफ मुकद्दमा कायम किया गया था। इस मामले में विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए मोहित शर्मा ने सांसद इमरान मसूद के खिलाफ चार्ज फ्रेम किया है।

**********

उत्तर प्रदेश नीट यूजी 2024 के अंतर्गत स्ट्रे वैकेंसी राउंड की ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया आज सुबह 11 बजे से प्रारंभ हो गई है। कार्यक्रम के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी 25 अक्टूबर को दोपहर दो बजे तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराकर पंजीकरण राशि इसी दिन शाम 5 बजे तक जमा कर सकते हैं। इस संबंध में चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय 25 अक्टूबर को मेरिट सूची घोषित करेगा। इसके बाद अभ्यर्थी 25 की ही शाम से चॉइस फिलिंग कर सकते हैं जो की 28 अक्टूबर दोपहर 2 बजे तक चलेगी। सीट आवंटन का परिणाम 29 अक्टूबर को जारी होगा।

**********

वक्फ संशोधन बिल के संबंध में बनी संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष और डुमरियागंज लोकसभा सीट से सांसद जगदंबिका पाल ने वक्फ बिल पर हो रही राजनीति को सही नहीं बताया है। आज लखनऊ में उन्होंने कहा कि यह समिति लोकसभा अध्यक्ष के कहने पर बनाई गई है। केंद्र सरकार ने इस बिल को पारित करने की जगह जेपीसी में रखा है। सरकार का मकसद साफ है कानून बनने से पहले इस पर विस्तृत चर्चा हो सके। सरकार के इतने सकारात्मक रुख के बावजूद कुछ लोग इस मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं जो की सही नहीं है।

**********

केंद्रीय मंत्रिमंडल के द्वारा वाराणसी के गंगा नदी पर एक नए आधुनिक ब्रिज, सिक्स लेन के सड़क मार्ग और चार लाइन के रेलवे ट्रैक को मंजूरी देने के बाद आज रेलवे बोर्ड के सदस्य नवीन गुलाटी ने कार्य स्थल का मुआयना किया। इस अवसर पर श्री गुलाटी ने कहा कि यातायात की दृष्टि से यह ब्रिज यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहायक होगा। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी मे यह देश का पहला पुल होगा जो रेल और सड़क यातायात के सिक्स लेन से जुड़ा रहेगा।

**********

संचारी रोगों की रोकथाम के लिए शाहजहांपुर में स्कूल और विद्यालय में बच्चों को जागरूक करने के लिए प्रार्थना सभा में उन्हें संचारी रोगों के बारे में जानकारी दी जा रही है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद में चलाए जा रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की आज जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूल व कॉलेजों में प्रातः होने वाली प्रार्थना सभा में संचारी रोग के प्रति बच्चों को जागरूक करने का सिलसिला जारी रखा जाए।

**********